## जे0पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन के जे0पी0 शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं जे0पी0 कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बी.एड. शैक्षणिक सत्र 2025–27 का शुभारम्भ।

जे.पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्रागंण में बी.एड. के नये शैक्षणिक सत्र 2025–27 का शुभारम्भ दिनांक 23/08/2025 दिन शनिवार को मुख्य अतिथि श्री कौशलेन्द्र कुमार, (सांसद, नालन्दा), विशिष्ट अतिथि कर्नल राजेश बहरी (एन.सी.सी. 38 बिहार बटालियन कमाण्डेंट) प्रो0 महेश कुमार (प्राचार्य, सरदार पटेल मेमोरियल कॉलेज, बिहार शरीफ, नालन्दा), डॉ0 अरविन्द कुमार (प्राचार्य, महाबोधि महाविद्यालय, नालन्दा), श्री त्रिनयन कुमार, (प्रदेश उपाध्यक्ष, जदयू) एवं श्री प्रवीण कुमार (सचिव, जदयू, बोकारो) की गरिमामय उपस्थिति में हुआ।

इस मौके पर माननीय श्री कौशलेन्द्र कुमार जी ने कहा कि समाज में शिक्षकों को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। वे राष्ट्र निर्माता हैं। उन्होंने जे.पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के द्वारा संचालित बी.एड. संस्थानों को नालन्दा जिला में अग्रिम बताते हुए कहा कि इस संस्थान से प्रशिक्षित प्रशिक्षु बिहार ही नहीं बल्कि इस देश के अन्य राज्यों में भी अपना उत्तम प्रदर्शन करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक ऐसा हथियार है जिससे दुनिया को जीता जा सकता है। इन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा किये गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला और बिहार में पूर्व में शिक्षा व्यवस्था की स्थिति तथा आज की स्थिति में अन्तर स्पष्ट करते हुए कहा कि आज बिहार शिक्षा के क्षेत्र में पूरे भारत में अग्रणी स्थान रखता है।

सभा को संबोधित करते हुए कर्नल राजेश बहरी (एन.सी.सी. 38 बिहार बटालियन कमाण्डेंट) ने भी विद्यार्थियों को एक अच्छे शिक्षक बनने के लिए उत्साहित करते हुए आशीर्वचन दिया। इन्होंने संस्थान के सचिव को इस जिले में इतने अच्छे संस्थान की स्थापना करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि आज इस जिले में सर्वसुविधा सम्पन्न संस्थान मौजूद हैं जहां नर्सरी से लेकर ईंजीनियरिंग तक की पढ़ाई होती है। एक कैंम्पस में इतने तरह के प्रोफेशनल कोर्स उपलब्ध कराने के लिए यहां के व्यवस्थापक श्री शैलेश कुमार धन्यवाद के पात्र हैं।

इस मौके पर, श्री प्रवीण कुमार (सचिव, जदयू, बोकारो) ने कहा कि यह संस्थान इस जिले में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक चला रहा है। जिसे देखने लायक है पहले मैं सुना करता था लेकिन देखने पर लगा कि सही प्रशिक्षित छात्र आज न केवल एक योग्य शिक्षक साबित हुए हैं बल्कि जीवन के हर मोर्चे पर अपनी सफलता प्राप्त कर रहा है।

इस मौके पर, जे.पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के सचिव, श्री शैलेश कुमार, ने आए हुये अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह हमारे संस्थान के बी.एड. 2025–27 सत्र में कुल 250 छात्रों का नामांकन हुआ है। इसके पूर्व बी.एड. का सभी सत्र सफलतापूर्वक संचालित किया जा चूका है। साथ ही, उन्होंने कहा की इस संस्थान में बी.एड. के साथ–साथ डी.एल.एड, इंजिनियरिंग, पॉलिटेकनिक, आई.टी.आई, बी.फार्मा, डी.फार्मा, लॉ, स्कूल (CBSE) एवं नर्सिंग की पढ़ाई भी चल रही है। इस वर्ष यहाँ दो और संस्थान जुड़ा जिसमें एक बी.टेक. तथा दूसरा स्नातक महाविद्यालय है। यहाँ से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों के लिए कैंम्पस सलेक्शन की भी व्यवस्था है, जिसमें देश की नामी–गिरामी कम्पनियाँ भाग लेती है। कॉलेज अपने विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन कर योग्य शिक्षक बनाने को कटिबद्ध है, और योग्य शिक्षक ही समाज का भला कर सकता है। इस अवसर पर आये हुए अतिथियों ने कैम्पस में 51 पौधों का वृक्षारोपण किया। सचिव महोदय ने पेड़ पौधों को अपने बच्चों के समान संरक्षण देने कि अपील किये और कहा कि जिस तरह से आप अपने बच्चे को सुरक्षा देते हैं देख–भाल करते हैं उसी प्रकार हमें पेड़–पौधों की देख–भाल करनी चाहिए एवं उसे जानवरों एवं पानी के अभाव से बचाना चाहिए। जिससे पेड़ बड़े होकर पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन, फल एवं फूल दे सके।

कार्यक्रम के दौरान बी.एड. सत्र 2023–25 के विश्वविद्यालय परीक्षा के परीक्षाफल में महाविद्यालय से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र–छात्राओं को माननीय सांसद के द्वारा सम्मानित किया गया तथा उन्हें प्रमाणपत्र एवं मेडल प्रदान किया गया।

इस अवसर पर सत्र 2024–26 के प्रशिक्षुओं द्वारा समन्वयक डॉ0 अभिषेक कुमार, श्रीमती संयीता कुमारी, श्रीमती निलिमा पाण्डेय के नेतृत्व में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मंच का संचालन डॉ0 संजय कुमार एवं बी.एड. के छात्रा ईकरा सदफ नाज़ एवं छात्र सुजीत कुमार के द्वारा किया गया।

इस मौके पर सभी विभागों के प्राचार्य एवं व्याख्यातागण – कॉलेज के प्रशासनिक पदाधिकारी श्री शिवेन्द्र दिवाकर, डॉ0 पुनीत कुमार शुक्ला (प्राचार्य) प्रो0 राजेश कुमार यादव, डॉ0 राजीव रंजन, डॉ0 अभिषेक कुमार, प्रो0. निलिमा पाण्डेय, प्रो0. संयीता कुमारी, प्रो0. बन्दना कुमारी, प्रो0 आदित्य मनोहर, अशोक कुमार (ऑफिस अस्सिटेंट), संजय कुमार, वेदरता कुमारी, प्रभाकर कुमार, रामकुन्दन कुमार (कम्प्यूटर ऑपरेटर) एवं अनुपम कुमारी, सहित जे.पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी व छात्रगण आदि उपस्थित रहे। अंत में संस्थान के संस्थापक श्री शैलेश कुमार के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

भवदीय








